# भाषण

# प्रतियोगिता

**माह -नवंबर**

***“विचारों से ही व्यक्तित्व बनता है!”***

(कक्षा छठी से आठवीं)

# रिपोर्ट

दिल्ली पब्लिक स्कूल मारुति कुंज के हिंदी विभाग द्वारा कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए “विचारों से ही व्यक्तित्व बनता है” विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस आयोजन की विशेषता यह रही कि सभी हिंदी अध्यापकों ने अपनी-अपनी हिंदी कक्षा के दौरान इस प्रतियोगिता को संपन्न करवाया, जिससे प्रत्येक विद्यार्थी को अभिव्यक्ति का अवसर मिल सका।

नियत दो मिनट की अवधि में विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास, स्पष्टता और प्रभावपूर्ण शैली में अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि सकारात्मक व सुविचारित दृष्टिकोण किस प्रकार व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व को दिशा देता है। कई विद्यार्थियों ने अपने भाषण में जीवन-उदाहरण, प्रेरक प्रसंग और सुविचारों का सहारा लेते हुए विषय को अत्यंत रोचक ढंग से व्यक्त किया।

प्रतियोगिता अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक रही। विद्यार्थियों के भीतर मंच-भाषण का आत्मविश्वास, भाषा-प्रयोग की दक्षता और विचार-व्यक्त करने की क्षमता स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आई।

सभी विद्यार्थियों के प्रयासों और उनके विचारों की उत्कृष्टता को सराहा गया और भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताओं में उन्हें भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय हिंदी विभाग भविष्य में भी विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति क्षमता और व्यक्तित्व विकास हेतु ऐसे समृद्ध गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा।

